लेखापाल तृतीय कमांक–37

स्पीड पोस्ट

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26–अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

कं./बो.का./सी.भ./बैक./कनि.अंके./लेखा./2018/158/338 भोपाल, दिनांक 06/02/2019

तृतीय एवं अन्तिम सूचना–पत्र

प्रति,

सचिन नाहटा

पिता श्री कैलाश नाहटा

रोल नम्बर– **24211567**

विषयः– राज्य मण्डी बोर्ड सेवा के अन्तर्गत लेखापाल तृतीय संवर्ग में भर्ती हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के लिये काउन्सलिंग में आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन हेतु समक्ष में उपस्थित होने की तृतीय एवं अन्तिम सूचना।

राज्य मण्डी बोर्ड सेवा में लेखापाल तृतीय संवर्ग में सीधी भर्ती/बैकलॉग के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के द्वारा समूह–2 उप समूह–2 के अन्तर्गत संयुक्त भर्ती परीक्षा दिनांक 04 एवं 05.08.2018 तक आयोजित की गई थी, उक्त परीक्षा में अनारक्षित/महिला/निःशक्तजन/भूतपूर्व सैनिक आदि वर्गो में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के द्वारा उपलब्ध करवाई गई मेरिट सूची के आधार पर, चयन के लिए मूल दस्तावेजों का सत्यापन हेतु पूर्व में आपको दस्तावेज/बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रथम काउंसलिंग हेतु कार्यालयीन सूचना पत्र कमांक–289 दि. 22.11.18 द्वारा दिनांक 05.12.2018 एवं द्वितीय व अन्तिम काउंसलिंग के लिए कार्या. पत्र कमांक–301 दिनांक 18.12.18 द्वारा दिनांक 28.12.2018 को उपस्थित होने के लिए आपके व्यक्तिगत पते पर भेजा गया एवं मण्डी बोर्ड की बैबसाईड पर भी प्रदर्शित किया गया। परन्तु आप काउंसलिंग में उपस्थित नही हुये।

आपके द्वारा दोनो काउंसलिंग उपरान्त दिनांक 25.01.2019 को प्रबंध संचालक महोदय को समक्ष में दिये गये लिखित आवेदन जिसमें आप उक्त पद पर कार्य करने के इच्छुक हैं तथा अन्य समास्या का उल्लेख कर एक अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया हैं।

अतः आपके आवेदन को मान्य करते हुये म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, 26 अरेरा हिल्स, जेल रोड किसान भवन, भोपाल (म. प्र.) में दिनांक 26.02.2019 को समय प्रातः 11:.00 बजे दस्तावेज/बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिये तृतीय एवं अंतिम अवसर इस शर्त के साथ प्रदान किया जाता है कि उक्त दिनांक को अनुपस्थिति की स्थति में आपका चयन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वंय उत्तरदायी होंगे। काउन्सिलिंग दिनांक को अभिलेखों को दो प्रति में प्रस्तुत करना होगा, आप संलग्न प्रपत्र की प्रतिपूर्ति कर निम्न दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रतियों के साथ उपस्थित होवें। बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र (पी ई बी द्वारा जारी) स्वप्रमाणित प्रति भी साथ लाना अनिवार्य हैं। सूचना पत्र की प्रति मंडी बोर्ड की बेबसाईट **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी प्रदर्शित की गई है।

अभिलेखों की सूची

1. शैक्षणिक अहर्ता
2 भूतपूर्व सैनिक, प्रमाण पत्र (केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए)
3. जाति प्रमाण पत्र (स्थाई)
4. अस्थि बाधित/श्रवण बाधित प्रमाण पत्र (केवल विकलांग अभ्यार्थियों के लिए) जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी
5. मूल निवासी प्रमाण पत्र
6. अन्य योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र
7. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से वाणिज्य में स्नातक।
8. दो फोटो पासपोर्ट साईज
9. व्यक्तिगत जानकारी निर्धारित प्रारूप अनुसार दो प्रति में
10. 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रारूप अनुसार शपथ पत्र

<u>निम्न बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखा जावे :–</u>

1. अभ्यर्थी किसी भी आवश्यक जानकारी के लिए केवल स्वागत कक्ष में सम्पर्क करें।
2. निर्धारित तिथि पर काउंसिलिंग में कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित सूची के कम अनुसार बुलाया जावेगा, अतः कृपया अपनी बारी की शांति से प्रतीक्षा करें।
3. मूल दस्तावेजों को अपने साथ अवश्य लायें किन्तु अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ, दो प्रतियों में काउंसिलिंग के समय जमा करना है।
4. व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित निर्धारित प्रारूप दों प्रति में पूर्ति पहले से ही करके साथ मे रखें। यदि कोई कॉलम आप पर लागू नही होता है तो उसे निरंक अंकित करें।
5. शासन के विभाग/निगम/मंडल आदि में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. यदि आयु संबंधी छूट ली गई है तो तद्विषयक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

संलग्नः–1. शपथ–पत्र का प्रारूप (100 रू. के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर)
2. व्यक्तिगत जानकारी का प्रारूप
<u>(प्रबंध सचांलक द्वारा अनुमोदित)</u>

अपर संचालक (कार्मिक)
म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोड
भोपाल

# बायोमेट्रिक/अभिलेख सत्यापन 26.02.2019

## शीघ्रलेखक–3 संवर्ग

| S.NO | Roll No. | NAME | |
|---|---|---|---|
| 1 | 14095207 | GAURAV | SHARMA |
| 4 | 14160153 | NANDNI | SAHU |

## स्टेनोटायपिस्ट संवर्ग

| S.NO | Roll No. | NAME | |
|---|---|---|---|
| 2 | 14093159 | ANKIT | AWADHIYA |
| 3 | 14136365 | MANU | GORAKH |

## सहायक ग्रेड–3 संवर्ग

| S.NO | Roll No. | NAME | |
|---|---|---|---|
| 3 | 14102378 | AJAY | SHAKYA |
| 8 | 14102291 | BHARTI | PURENA |
| 10 | 14077065 | SAPNA | JAGET |
| 12 | 14191002 | REKHA | WASKEL |

## लेखापाल तृतीय संवर्ग

| S.NO | Roll No. | NAME | |
|---|---|---|---|
| 37 | 24211567 | SACHIN | NAHATA |

**प्रारूप**

## <u>शपथ पत्र</u>

नवीनतम फोटो चस्पा करें।

मैं ........................................... आयु ......................... पुत्र/पुत्री/पत्नी .................................. निवासी ......................................................................... शपथपूर्वक कथन करता/करती हूँ–

1. यह मेरा चयन .................................................... पद पर हुआ है।
2. यह कि मेरा चरित्र उत्तम है।
3. यह कि मुझे आज दिनांक तक कभी भी किसी भी आपराधिक मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है।
4. यह कि मुझ पर आज दिनांक तक किसी भी पुलिस थाने या न्यायालय में भारतीय दंड संहिता अथवा अन्य किसी विधि के अधीन किसी भी प्रकार कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ है और न ही ऐसा कोई मामला लंबित है।
5. यह कि आज दिनांक तक मुझे किसी भी अपराध के लिये न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है और न ही शासकीय सेवा में चयन हेतु वर्जित किया गया है।
6. यह कि आज दिनांक तक मुझे किसी भी विश्वविद्यालय या किसी भी अन्य शैक्षणिक प्राधिकरण/संस्था द्वारा किसी भी परीक्षा में बैठने से वर्जित नहीं किया गया है और न हो निष्काषित किया गया है।
7. यह कि मैंने भर्ती प्रकिया में जो भी जानकारियॉ दी हैं एवं जो दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं, वे पूर्णतः सही एवं सत्य है।
8. यह कि यदि मेरे द्वारा जो जानकारियां दी गई हैं और जो दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, यदि उनमें कोई भी जानकारी/दस्तावेज असत्य पाये जाते हैं, तो मेरी सेवा तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध असत्य शपथ–पत्र प्रस्तुत करने के लिये भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा सकेगा जो कि मुझे स्वीकार एवं मान्य होगा।
9. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि यदि मेरा नियुक्ति आदेश चरित्र सत्यापन की प्रत्याशा में जारी किया जाता है और यदि चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने पर मुझे शासकीय सेवा के अयोग्य पाया जाता है तो मेरी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

शपथ ग्रहिता

## <u>सत्यापन</u>

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता ..................................................................सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ–पत्र की कंडिका क्रमांक 1 लगायत 9 में दी गई समस्त जानकारियां मेरे ज्ञान में एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है, जिनका सत्यापन आज दिनांक ................................... को ................................... में किया गया है।

शपथ ग्रहिता

## व्यक्तिगत जानकारी प्रपत्र–वर्ष 2018

नवीनतम फोटो चस्पा करें।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | अभ्यर्थी का नाम | श्री / कु0 / श्रीमती ................................................... |
| 02 | पिता / पति का नाम | श्री ............................................................................ |
| 03 | जन्म दिनांक | |
| 04 | दिनांक 01.01.2018 की स्थिति में आयु | वर्ष माह दिन |
| 05 | जाति (अनु.जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / अनारक्षित) | |
| 06 | शैक्षणिक अर्हताऐं / अनुभव | शैक्षणिक अर्हताऐं :– ............................................<br>अनुभव :– ................................................................ |
| 07 | वैवाहिक स्थिति विवाहित होने पर विवाह की तिथि उल्लेख करें | विवाहित अविवाहित<br>तिथि :– |
| 08 | बच्चों के (यदि हो तो) नाम (जन्म तिथि सहित) | 1. ..............................................................................<br>2. ..............................................................................<br>3. .............................................................................. |
| 09 | पदनाम जिनके लिये चयन हुआ है | |
| 10 | एक से अधिक पद के लिये चयन होने पर नियुक्ति हेतु प्राथमिकता का पदनाम | |
| 11 | चयन सूची का क्रमांक (वर्ग सहित) रोल नम्बर | ..................................................................................<br>.................................................................................. |
| 12 | गृह जिले का नाम | |
| 13 | शासन के विभाग / निगम / मण्डल आदि में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत होने पर विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति | |

### संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ :–

1. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र। संलग्न (हॉ / नहीं / लागू नहीं)
2. म0प्र0शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में तहसीलदार / नायब तहसीलदार द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र। संलग्न (हॉ / नहीं)
3. भूतपूर्व सैनिक / दिव्यांग अभ्यर्थियों को म0प्र0शासन द्वारा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ प्रमाण पत्र। संलग्न (हॉ / नहीं / लागू नहीं)
4. शासन के विभाग / निगम / मण्डल आदि में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत होने पर विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति। संलग्न (हॉ / नहीं / लागू नहीं)
5. हायर सेकेण्ड्री / हाईस्कूल की मार्कशीट तथा चयनित पद से संबंधित निर्धारित शैक्षणिक अर्हता का प्रमाण पत्र। संलग्न (हॉ / नहीं)
6. अनुभव प्रमाण पत्र। संलग्न (हॉ / नहीं)

   अ. ..............................................................

   ब. ..............................................................

   स. ..............................................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

अभ्यर्थी का नाम :– ........................................................................................................

पत्र व्यवहार का :– .......................................................................................................
पूरा पता ........................................................................................................
........................................................................................................
पिन कोड ......................................

मोबाईल नंबर :– ........................................................................................................

दूरभाष : (STD) ........................................................................................................

ई–मेल :– ........................................................................................................